आज का सुविचार
दो तरह से देखने से चीज़े छोटी नजर आती है, एक दूर से और एक गुरुर से!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech

RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
जिले एवं तहसीलों में संवाददाता नियुक्त करना है।
संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 38 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 25 अक्टूबर 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## स्त्री की सहमती के बिना गर्भपात करवाना नए कानून में कब अपराध होगा जानिए

बहुत से पुरुष, या महिला के परिवार वाले जबरदस्ती महिला की सहमति लिए बिना ही उसका गर्भपात करवा देते हैं,सामान्य बोल-चाल में इसे हम बच्चे को पेट में मरवाना या गिराना बोलते हैं भारत में नए कानून में भी इस अपराध को एक गंभीर अपराध की श्रेणी में रखा गया है जानिए -

### भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 89 की परिभाषा?

जो कोई व्यक्ति किसी महिला की सहमति के बिना उसका गर्भपात करवाता है अर्थात उसकी इच्छा के विरुद्ध पेट में ही उसके बच्चे को मारवाता है वह व्यक्ति IPC की धारा 313 एवं अब भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 87 के अंतर्गत दोषी होगा



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

Indian Penal Code, 1860 section 313 , Bharatiya Nyaya Sanhita, 2023x section 87 Punishment

इस धारा के अपराध संज्ञेय एवं अजमानतीय होते हैं अर्थात पुलिस इस अपराध में डारेक्ट एफआईआर दर्ज कर लेती हैं एवं आरोपी को ज़मानत के लिए न्यायालय जाना होगा, इस अपराध की सुनवाई सेशन कोर्ट द्वारा की जा सकती है।

**दण्ड-** इस अपराध के लिए अधिकतम आजीवन कारावास, या दस वर्ष की कारावास और जुर्माना से दण्डित किया जा सकता है।

# समर्थन मूल्य पर पर सोयाबीन उपार्जन की कार्यवाही संवेदनशीलता से हो : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## 1400 उपार्जन केन्द्रों पर शुक्रवार से शुरू होगी सोयाबीन की खरीदी

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि समर्थन मूल्य पर सोयाचीन की खरीदी शुक्रवार से 1400 केन्द्रों पर प्रारंभ होगी। सभी संबंधित अधिकारी सोयाबीन उपार्जन की कार्यवाही संवेदनशीलता से करें। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा के अतिरिक्त सोयाबीन का उपार्जन प्रदेश सरकार करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में 25 सितम्बर से 20 अक्टूबर तक ई-उपार्जन पोर्टल पर किसानों के पंजीयन की कार्रवाई की गई, जिसमें 3 लाख 44 हजार किसानी ने पंजीयन करवाया है। आवश्यकतानुसार खरीदी केन्द्रों की संख्या में परिवर्तन भी किया जा सकेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समर्थन मूल्य पर खरीदी गई सोयाबीन का भुगतान किसानों को ऑनलाइन किया जाएगा। प्रदेश में 7 जिले दतिया, भिंड, कटनी, मंडला,



बालाघाट, सीधी एवं सिंगरौली को छोड़कर शेष सभी जगह सोयाबीन का उपार्जन होगा। इन जिलों से प्रस्ताव आने पर सोयाबीन उपार्जन पर विचार किया जाएगा। सोयाबीन की समर्थन मूल्य पर खरीदी की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 तक है। न्यूनतम समर्थन मूल्य 4892 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। अधिकारियों को औसत अच्छी गुणवत्ता के सोयाबीन की खरीदी कराने के निर्देश दिए गए हैं। खरीदी केन्द्रों पर संबंधित अधिकारी और कर्मचारियों को मौजूद रहने के निर्देश दिये गये है, ताकि व्यवस्थित ढंग से सोयाबीन का उपार्जन किया जा सके। प्रदेश में पहली बार प्राइस सपोर्ट स्कीम(समर्थन मूल्य) के तहत सोयाबीन का उपार्जन किया जा रहा है। इसके लिए कृषि विभाग नोडल विभाग है एवं मार्कफेड राज्य उपार्जन एजेंसी निर्धारित है। सोयाबीन की खरीदी के लिये ई-उपार्जन पोर्टल का उपयोग किया जा रहा है। किसानों को ऑनलाइन ही सोयाबीन की उपज बेचने का भुगतान किया जाएगा।

## पुनर्वास के लिए दी गई भूमि का कभी नामांतरण नहीं किया जा सकता है जानिए/legal advice....

किसी प्रवासी व्यक्ति को केंद्र सरकार या राज्य सरकार द्वारा पुनर्वास के लिए कोई भूमि दी गई है या 1 अप्रैल 1957 के अंतर्गत सरकारी स्कीम द्वारा या उसके पश्चात मध्यप्रदेश में किसी व्यक्ति को पुनर्वासित किया गया हो ऐसी भूमि को बिना प्राधिकारी की अनुमति के नामांतरण नहीं किया जा सकता है जानिए।

### मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता,1959 की धारा 9(क) की परिभाषा?

किसी प्रवासी व्यक्ति को या अन्य देश के व्यक्ति को भारत सरकार या राज्य सरकार द्वारा कोई भूमि रहने के लिए दी है वह व्यक्ति अपनी भूमि का नामांतरण नहीं कर सकता है। अगर उसे अपनी भूमि नामांतरण करना है तो इसके लिए संबंधित अधिकारी से अनुमति लेनी होगी क्योंकि प्रवासी व्यक्ति की भूमि राज्य की भूमि होती है और इस पर हमेशा राज्य सरकार का अधिकार रहता है।

-लेखक बीआर अहिरवार पत्रकार एवं विधिक होशंगाबाद) 9827737665

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश को नई सौगातें देने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का माना आभार

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की प्रगति के लिए नित नई सौगातें देने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का हृदय से आभार माना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्रीय कैबिनेट ने राष्ट्रीय राजमार्ग-146 के ग्यारसपुर से राहतगढ़ खंड को 4-लेन में अपग्रेड एवं विकास करने के लिए 903.44 करोड़ रुपए की मंजूरी निश्चित ही इस क्षेत्र के साथ प्रदेश की प्रगति में नया अध्याय होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी का निर्णय अभिनंदनीय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केंद्र कैबिनेट द्वारा आज जनजातीय क्षेत्रों में ग्राम सभाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करने वाले पेसा मोबिलाइजर्स का मानदेय 4 हजार रुपए प्रतिमाह से बढ़ाकर 8 हजार रुपए प्रतिमाह देने निर्णय से मध्यप्रदेश सरकार का एक और संकल्प पूर्ण हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी पेसा मोबिलाइजर्स को बधाई और शुभकामनाएँ देते हुए कहाकि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में हम जनजातीय वर्ग के कल्याण के लिएपूर्ण प्रतिबद्धता के साथ निरंतर कार्यरत हैं।

## एम.पी. ट्रांसको में टेक्निकल नॉलेज शेयरिंग पर हुई प्रदेश स्तरीय कार्यशाला



**भोपाल।** एम.पी. ट्रांसको (मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) के मुख्यालय जबलपुर में टेक्निकल नॉलेज शेयरिंग थीम पर संपन्न कार्यशाला में प्रदेश भर के लगभग 25 असिस्टेंट एवं जूनियर इंजीनियर्स ने हिस्सा लिया। दो दिवसीय कार्यशाला में एम.पी. ट्रांसको के प्रबंध संचालक इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि कार्यशाला के दो चरण के सकारात्मक परिणाम मिले हैं। उन्होंने कहा कि ट्रेनिंग के दौरान सीखी गई तकनीक का साईट पर व्यावहारिक रूप में सफलतापूर्वक क्रियान्वयन करना ही इस तरह की कार्यशालाओं का मूल उद्देश्य रहता है। उन्होंने कहा कि पुराने लोग लगातार रिटायर हो रहे हैं तथा वर्तमान में ट्रांसको के पास बेहद कम मैनपॉवर उपलब्ध है। इससे उबरने का एकमात्र रास्ता यह है कि जो इंजीनियर तथा स्टॉफ उपलब्ध है वह सतत् अपने ज्ञान में वृद्धि करें साथ ही प्राप्त तकनीकी ज्ञान अपने साथियों के साथ शेयर करें।। उन्होंने कहा कि सीखना एक सतत् प्रक्रिया होती है तथा यह टेक्निकल ट्रेनिंग एम.पी. ट्रांसको के श्रेष्ठतम इंजीनियर्स द्वारा दी जा रही है। अतः फील्ड इंजीनियर्स पूर्ण मनोयोग से इस तरह की उच्च स्तरीय कार्यशालाओं का लाभ प्राप्त करें। इंजी. सुनील तिवारी ने कहा कि ट्रेनिंग की सार्थकता इसमें ही है कि युवा इंजीनियर्स यहां से जो भी नई जानकारी प्राप्त करें उसका फील्ड में उपयोग करते हुए तकनीकी दक्षता हासिल करें तभी वो फील्ड पर बेहतर कार्य करने में सक्षम हो सकेंगे।

## मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को मिला इनोवेशन विथ इंपैक्ट अवार्ड

### मध्य क्षेत्र कंपनी नवाचार में अव्वल

भोपाल। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी को राष्ट्रीय स्तर पर इनोवेशन विथ इम्पैक्ड - चैलेंज्ड स्टेट्स श्रेणी में प्रथम पुरस्कार से नवाजा गया है। यह पुरस्कार इंडियन चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा नई दिल्ली में आयोजित 18वीं इंडिया एनर्जी समिट एंड 12वां इनोवेशन विथ इंपैक्ट अवार्डस फॉर डिस्कॉम्स कार्यक्रम में प्रदान किया गया। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने कंपनी की ओर से यह




पुरस्कार प्राप्त किया। कार्यक्रम में निदेशक (वाणिज्य) श्री सुधीर कुमार श्रीवास्तव ने द डिस्कॉम्स ऑफ द फ्यूचर विषय पर प्रथम वक्ता के रूप में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा किये जा रहे इनोवेटिव कार्यों के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से अवगत कराया। समारोह में उपस्थित प्रतिभागियों ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के उपभोक्ता हित में किए जा रहे नवाचार की सराहना की। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा श्री मनु श्रीवास्तव एवं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के प्रबंध संचालक श्री क्षितिज सिंघल ने इनोवेशन विथ इंपैक्ट श्रेणी के अन्तर्गत प्रथम पुरस्कार मिलने पर कंपनी के सभी कार्मिकों को बधाई दी है।

# सिकल सेल प्रबंधन में आयुष दवाइयों का प्रयोग बढ़ायें- राज्यपाल

- सिकल सेल उन्मूलन पर 2 दिवसीय कार्यशाला संपन्न
- प्रतिभागियों ने की राज्यपाल से सौजन्य भेंट, सिकल सेल प्रबंधन की बेस्ट प्रैक्टिसेज की दी जानकारी

**भोपाल।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल से राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन अंतर्गत आयोजित कार्यशाला में विभिन्न राज्यों से आये स्वास्थ्य विशेषज्ञों के दल ने राजभवन में सौजन्य भेंट की। राज्यपाल श्री पटेल ने सिकल सेल रोग प्रबंधन के लिए आयुष दवाइयों की उपयोगिता पर जोर दिया। उन्होंने रोगियों की जीवन गुणवत्ता को बेहतर बनाने के उपायों पर चर्चा की। राज्यपाल ने विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों से व्यक्तिगत रूप से बातचीत कर सिकल सेल प्रबंधन में उनके द्वारा अपनाई गई बेस्ट प्रैक्टिसेज को समझा। उन्होंने सिकल सेल रोग के प्रबंधन में मध्यप्रदेश द्वारा उठाए गए कदमों की सराहना की। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सिकल सेल उन्मूलन मिशन अंतर्गत 2 दिवसीय कार्यशाला 23-24 अक्टूबर को



भोपाल के होटल कोर्टयार्ड मैरियट होटल में आयोजित की गई। कार्यशाला में 17 राज्यों के नोडल अधिकारी, स्वास्थ्य विशेषज्ञ और राज्य के विभिन्न उच्च पदस्थ अधिकारी शामिल हुए। अपर सचिव एवं मिशन निदेशक श्रीमती आराधना पटनायक ने भविष्य की रणनीतियों पर चर्चा की। अपर सचिव श्रीमती पटनायक ने रायसेन जिले में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, ढकना चखना एवं ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट का दौरा किया एवं उनकी कार्यविधि को जाना।

### फील्ड विजिट कर समझी सिकल सेल प्रबंधन की कार्यप्रणाली

पहले दिन सिकल सेल रोग के प्रबंधन, स्क्रीनिंग, उपचार और जनजातीय समुदायों में रोग की स्थिति के विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई। विशेषज्ञों ने रोग प्रबंधन के वर्तमान तरीकों पर प्रकाश डालते हुए इसमें नवाचार की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया। प्रतिनिधियों ने फील्ड विजिट में सिकल सेल प्रबंधन की कार्यप्रणाली को समझा। बावड़िया कला स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का टीम ने दौरा किया, जहां उन्होंने जनजातीय बच्चों के बीच सिकल सेल स्क्रीनिंग, रोग प्रबंधन और काउंसलिंग प्रक्रिया का अवलोकन किया। इसके बाद टीम ने इंदिरा गांधी बाल चिकित्सालय के ब्लड बैंक का दौरा कर ऑटोमेशन, कॉम्पोनेन्ट सेपरेशन और अन्य नवीन तकनीकों का अवलोकन किया। बीएमएचआरसी की विभिन्न यूनिट्स, जैसे सेंटर ऑफ कम्पेटेन्स, इमरजेंसी यूनिट और फिजियोथेरेपी यूनिट का टीम ने भ्रमण किया और सिकल सेल रोग के प्रबंधन में उपयोग की जाने वाली सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। दूसरे दिन, सिकल सेल रोग के उन्मूलन में बोन मैरो ट्रांसप्लांट, जीन थेरेपी और रिसर्च की भूमिका पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार साझा किए। कार्यशाला में अपर सचिव एवं मिशन निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार श्रीमती आराधना पटनायक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन-मध्यप्रदेश श्रीमती प्रियंका दास सहित 6 अन्य राज्यों के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के मिशन संचालक एवं 17 राज्यों से नोडल अधिकारी और प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# सुरक्षा प्रबंध में कॉलरी की लापरवाही से उजड़ गई मां की कोख, एकलौते बेटे की टूटी सांसे, खदानों में भगवान भरोसे ठेका मजदूर

**अनूप गुप्ता ब्यूरो चीफ अनूपपुर**

अनूपपुर। एसइसीएल उपक्षेत्र के हसदेव अंतर्गत राजनगर ओसीएम में कॉलरी प्रबंधकों की लापरवाही में शुक्रवार को एक मां की कोख उजड़ गई, घर का एकलौता कमाने वाला बेटा और निजी कंपनी में ठेका मजदूरी करने वाला अजय कोल निवासी वार्ड क्रमांक 1 विशेषन दफाई राजनगर की मौत हो गई। बताया जाता है कि यह दुर्घटना राजनगर ओसीएम में दोपहर 12 बजे के आसपास घटी, जब यहां मिट्टी हटाकर एसइसीएल कंपनी के लिए कोयला मुहैया कराने वाली मां कुदरगढ़ी प्रायवेट लिमिटेड कपंनी जिसके मालिक अमित सिंगला हैं के द्वारा कोयला उत्खनन के लिए ब्लास्ट किया जा रहा था। इस दौरान मजदूर वहीं रहा, जहां ब्लास्ट के दौरान वह उसकी चपेट में आ गया और उसकी अस्पताल पहुंचने से पूर्व मौत हो गई। घटना के बाद आनन फानन में कंपनी व कॉलरी के कर्मचारियों ने ठेका मजदूर अजय कोल को एसइसीएल अस्पताल राजनगर ले गए, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद मां कुदरगढ़ी के कर्मचारी शव को अस्पताल में छोडक़र मौके से भाग निकले। घटना की सूचना परिजनों व ग्रामीणों को मिलने पर परिजन व ग्रामीण अस्पताल पहुंचे। जहां कॉलरी कर्मचारियों का घंटो इंतजार करने व नहीं आने पर ग्रामीणों व परिजनों ने शव को राजनगर ओसीएम खदान भेज दिया, जिसके बाद कॉलरी के गेट पर पहुंचकर शांतिपूर्वक घटना के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मुआवजे सहित शव की मांग कर रहे हैं, आशंका है इससे सडक़ जाम होगी, लेकिन घटना के बाद पुलिस बल व्यवस्थाओं को बनाने में जुट गया है।



## सुरक्षा की अनदेखी, ब्लास्ट के दौरान कहां थे सुरक्षा अधिकारी

जानकारी के अनुसार जिस समय खदान के भीतर ब्लास्ट होता है, उस दौरान खदान के भीतर किसी भी कर्मचारी या मजदूर को नहीं रखा जाता है। यहीं नहीं ब्लास्ट के लिए निर्धारित समय से पूर्व सायरन बजाकर आसपास के क्षेत्र को खाली कराया जाता है, यहां तक सुरक्षा में तैनात अधिकारियों द्वारा जांच पड़ताल की जाती है, बावजूद यह घटना कॉलरी के सुरक्षा व्यवस्थाओं को कटघरे में खड़ा कर दिया है। मजूदरों का कहना है कि यहां कंपनी द्वारा कोयला उत्खनन में सुरक्षा को ही दरकिनार कर दिया है, जिसके कारण आए दिन खदानों के भीतर ठेका मजदूरों की जान आफत में बनी रहती है।

## हर घटना के बाद कॉलरी बाहर की घटना को बताने में दिखाता है तत्परता

राजनगर ओसीएम खदान के भीतर अब तक कई घटनाएं घट चुकी है, लेकिन यहां कॉलरी प्रबंधकों द्वारा एक तरीका अपनाया गया है, सुरक्षा मानकों में हुई चूक से बचने यहां के अधिकारी हर घटना के बाद घायल या मृतक को एम्बुलेंस के माध्यम से बिना परिजनों को सूचित किए मनेन्द्रगढ़ या आसपास के अस्पताल भेज देते हैं, जहां मृत होने पर पुनः एम्बुलेंस के माध्यम से छुपाते हुए कॉलरी लाकर उसे बाहर किसी हादसे का शिकार बनाकर परिजनों को मुआवजे के झांसे में लेकर अपनी गलतियों पर पर्दा डाल जाते हैं। यहां परिजन भी मोटी राशि को देखकर शव लेकर चले जाते हैं। लेकिन यहां घटनाओं के बाद भी कॉलरी प्रबंधक सबक नहीं सिखते।

## तो ठेकेदार और कपंनी देगी 1.50 लाख की सहायता, मिलेगी बीमा और अन्य सहायता

मजदूर की मौत के बाद मामले में एसडीएम अजीत तिर्की ने बताया कि मृतक के परिजनों को तत्काल 1 लाख रुपए ठेकेदार एवं 50 हजार रुपए प्रबंधन के द्वारा उपलब्ध कराए गए हैं। वहीं 15 लाख रुपए एक हफ्ते के अंदर उपलब्ध कराई जाएगी। जबकि 16 लाख की राशि बीमा के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। परिजनों को समझाईश दी गई है, वहीं पुलिस ने मार्ग कम कर जांच शुरू किया है।

## इनका कहना है...

मजदूर की मौत के मामले में जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं मृतक के परिजन को तत्काल 1 लाख 50 हज एवं 15 लाख की राशि 1 सप्ताह के अंदर वही बीमा की राशि भी उपलब्ध कराई जाएगी । वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच करेगी ।

**अजीत तिर्की**
**एसडीएम कोतमा**

# बंजर नदी मे डूबने से एक युवक की मौत एक युवक को नदी मे डूबने से बचाये

**ज्ञान चन्द शर्मा/बालाघाट।** बैहर थाना क्षेत्र मे आने वाले ग्राम खैरलाजी समीप बंजर नदी के डूडाघाट मै डूबने से एक युवक की मौत हो गई वही एक अन्य एक युवक को इस नदी मे डूबने से बचा लिया गया 13अक्टूबर को 1,30बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब इस नदी मे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने के बाद चार युवक नहाने के लिए आए थे बैहर पुलिस ने मृतक युवक नागेश्वर उर्फ नमन पिता लक्ष्मी प्रसाद बोपचे 19वर्ष ग्राम खैरलाजी निवासी का शव पोस्ट माडम करवा कर उसके परिजनो को सौप दिया गया प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम खुसीपार निवासी लक्ष्मी प्रसाद बोपचे खेती किसानी करते है जिनके परिवार मे पत्नी और दो बेटे एक बेटी है बडा बेटा नागेश्वर उर्प नमन बोपचे लिगा परसवाडा स्थित आईटीआई मे इलेक्ट्रॉनिक का कोर्स कर रहा है लक्ष्मी प्रसाद बोपचे का खेत अपने गांव की बंजर नदी किनारे से लगा हुआ है 13अक्टूबर को ग्राम खैरलाजी के ग्रामीणो के द्वारा दुर्गा प्रतिमा विसर्जन करने के लिए बंजर नदी डूडाघाट ले गए थे दुर्गा विसर्जन करने के बाद सभी लोग बंजर नदी से लौट गए थे इसके बाद1,30बजे करीब नागेश्वर उर्प नमन बोपचे विकास राहगडाले प्रिस गौतम और खुमेश्रर गौतम के साथ बंजर नदी के डूडाघाट मे नहाने के लिए गए थे चारो युवक बंजर नदी. मे नहाने के लिए उतरे थे नहाने के दौरान नागेश्वर उर्प नमन बोपचे और विकास राहंगडाले दोनो युवक नदी के गहरे पानी मे चले जाने से डूबने लगे अन्य दो युवक के चिल्लाने पर वही नदी किनारे खड़े राजू टेकाम नामक युवक पहुंचा जिसने दोनो युवक को नदी मे डूबते देखा और उसने नदी मे उत्तर कर विकास राहंगडाले को नदी से खिंचकर बाहर निकला जब वह डूब चुका था बताया गया की इस दौरान नागेश्वर उर्फ नमन बोपचे के परिवार के आलावा गांव के लोग बंजर नदी के डूडाघाट पहुंच गए नदी मे लोगो का हुजूम लग गया गांव गांव के ही लोगो ने अपने स्तर पर भारी मशकत करके नागेश्वर उर्फ नमन बोपचे को बंजर नदी से बाहर निकले उसकी मौत हो चुकी थी इस घटना की रिपोर्ट अंकित पिता उमेश बिसेन 25वर्ष ग्राम खैरलाजी निवासी ने बैहर पुलिस थाना मे की थी जहा से प्रधान आरक्षक पन्नालाल मराठे अपने स्टाफ के साथ ग्राम खैरलाजी बंजर नदी पहुंचे उस समय शाम हो चुकी थी जिन्होंने मौके की कार्यवाही .की 14अक्टूबर को सुबह प्रधान आरक्षक पन्नालाल मराठे ने मृतक युवक नागेश्वर उर्फ नमन बोपचे का शव पंचनामा कार्यवाही पश्चात पोस्ट माडम करवा कर उसकेपरिजन को सौप दिए और आगे धारा 194.भारतीय नागरिक सुरक्षा सहित के तहत मर्ग़ कायम कर जांच शुरु की है।

# न्याय की देवी की नई प्रतिमा स्थापित, हटाई गई आंखों से पट्टी तीन चरणों से गुजरी प्रतिमा निर्माण का प्रक्रिया

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



न्याय की देवी की नई प्रतिमा स्थापित की गई है। इस नई प्रतिमा में न्याय की देवी की आंखों से पट्टी हटा दी गई है और एक हाथ में तलवार की जगह संविधान थमाया गया है। एक हाथ में पहले की ही तरह तराजू रखा गया है। इसके अलावा प्रतिमा का वस्त्र भी बदला गया है। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के निर्देश पर इसे शिल्पकार विनोद गोस्वामी ने बनाया है। उन्होंने बताया कि तीन महीने की मेहनत के बाद इस प्रतिमा को तैयार किया गया है। शिल्पकार विनोद गोस्वामी ने एक न्यूज़ चैनल को बताया कि इस प्रतिमा को बनाने में तीन महीने के दौरान तीन प्रक्रियाओं से गुजरनी पड़ी है। उन्होंने इसकी प्रकिया के बारे में बताया कि सबसे पहले एक ड्राइंग बनाई, इसके बाद एक छोटी प्रतिमा बनाई गई। जब मुख्य न्यायाधीश को वह प्रतिमा पसंद आ गई, तब बाद ये छह फीट ऊंची दूसरी बड़ी प्रतिमा बनाई गई। नई प्रतिमा का वजन सवा सौ किलो है। उन्होंने बताया कि चीफ जस्टिस के मार्गदर्शन और दिशा निर्देश के अनुसार ही न्याय की नई मूर्ति बनाई गई है। उन्होंने बताया कि चीफ जस्टिस ने कहा था कि नई प्रतिमा कुछ ऐसी हो जो हमारे देश की धरोहर, संविधान और प्रतीक से जुड़ी हुई हो। गोस्वामी ने कहा कि इसी को ध्यान में रखते हुए गाउन की जगह प्रतिमा को साड़ी पहनाई गई है। ये नई प्रतिमा फाइबर ग्लास से बनाई गई है।

# भालू के हमले से महिला घायल

ज्ञान चन्द शर्मा/किरनापुर भालू के हमले से महिला घायल हो गई जिसे उपचारार्थ अस्पताल मे भती किया गया है दक्षिण सामान्य वन मडल परिक्षेत्र किरनापुर के अंतर्गत आने वाले वन ग्राम कोदोबर्रा बीट के कक्ष क्रमांक 721मे दो भालूओ ने ग्राम छिंदीकुआ निवासी 26 वर्षीय महिला पर सुबह 9 बजे उस समय हमला कर दिया जब वह अपने देवर के साथ जंगल से लगे खेत मे कषि कार्य के लिए गई हुई थी घटना के संबंध मे घायल महिला के देवर रंजीत ने जानकारी मे बताया कि सुबह 9 बजे वह भाभी अनिता खरे के साथ जंगल से लगे खेत मे कृषि कार्य के लिए गए थे इसी दौरान अचानक दो भालूओ ने उनकी भाभी पर हमला कर दिया।

# अचानक ट्रेन आने से किशोर हुआ घायल

बालाघाट/ज्ञान चन्द शर्मा कोतवाली थाना अंतर्गत गर्रा रेलवे पुल पर एक नाबालिग घायल हो गया ट्रेन की चपेट मे आने से बाल बाल बच गया अस्पताल पुलिस चौक ने जानकारी देते हुए बताया है की नाबालिग किसी परिचित लड़की से रेलवेट्रेक पर बात कर रहा था इस दौरान अचानक ट्रेन की आवाज सुन वह बेचने के लिए रेलवे ट्रेक पर दौडने लगे लेकिन कुछ दूरी पर जाकर वह गिर गया और घायल हो गया जिसे देखकर ट्रेन चालक ने ट्रेन को धीमी कर रोक दिया और ट्रेन मे बैठाकर रेलवे ट्रेक से बाहर लाया किशोर को स्थानीय पुलिस की मदद से जिला अस्पताल मे भती कर दिया गया है जबकि लड़की का अभी कुछ पता नही चल पाया है जिसकी खोजबीन पुलिस कर रही है।

# बालाघाट में मनाया गया शहीद स्मृति दिवस शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

ज्ञान चन्द शर्मा

बालाघाट ।सोमवार 21 अक्टूबर को पुलिस लाईन बालाघाट में शहीद स्मृति दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस महानिरीक्षक जोन बालाघाट संजयसिंह के द्वारा परेड की सलामी के साथ हुई। उसके बाद शहीदों की सूची को पढ़कर सुनाया गया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों के द्वारा शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। परेड समाप्ति के पश्चात शहीदों के परिजनों को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी के तहत् राजधानी दिल्ली में आयोजित शहीद स्मृति दिवस लाइव वीडियो शहर के प्रमुख चौराहों पर भी दिखाया गया एवम् संपूर्ण कार्यक्रम में पुलिस बैंड द्वारा शानदार प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के औपचारिक समापन पश्चात पुलिस अधिकारियों द्वारा शहीदों के परिजनों से व्यक्तिगत मुलाकात भी की गई। शहीद समारोह के अवसर पर इनकी रही प्रमुख उपस्थिति पुलिस महानिरीक्षक संजयसिंह, सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक मधु भगत,जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरसवार, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक नगेन्द्रसिंह, सीआरपीएफ श्रीमती तेजेंदर कौर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक सराफ, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व केबिनेट मंत्री गौरीशंकर बिसेन सहित अन्य अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# NHRCCB के भोपाल जिले के पदाधिकारियों द्वारा पुलिस स्मृति दिवस पर किया गया पुलिस का सम्मान




**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो जिला भोपाल इकाई द्वारा पुलिस स्मृति दिवस दिनांक 21 अक्टूबर 2024 को पुलिस के शहीद वीर जवानों की स्मृति में पुलिस सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।सम्मान समारोह, भोपाल में चल रही श्रीमद भागवत अंतरराष्ट्रीय कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय के सान्निध्य में संपूर्ण किया गया।सम्मान समारोह में उप निरीक्षक देशमुख सहित अयोध्या नगर थाना ओर पिपलानी थाने का दस्ता सम्मिलित हुआ जिन्हें संस्था NHRCCB के भोपाल जिले के पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में NHRCCB के प्रदेश सचिव मनोज सोलंकी कार्यकारी जिलाध्यक्ष लक्की सिंह नेगी, व्यवसायी साथी गौरव जैन एवं सोशल मीडिया एक्टिविस्ट आर्यन श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## छिंदवाड़ा वन मण्डल से रेस्क्यू किया गया नर तेंदुआ शावक 'वीर' की हुई मृत्यु नियमानुसार वन विहार में किया गया दाह संस्कार

**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**



संचालक वन विहार राष्ट्रीय उद्यान ने जानकारी दी कि छिंदवाड़ा वन मण्डल से 3 माह के नर तेंदुआ शावक 'वीर' को रेस्क्यू कर 6 फरवरी, 2023 को उपचार के लिये वन विहार लाया गया था। नर तेंदुए शावक 'वीर' की गत दिवस मृत्यु हो गई है। उन्होंने बताया कि नर तेंदुआ शावक अत्यंत कमजोर और चलने-फिरने में असमर्थ था। उसका पिछला हिस्सा काम नहीं कर रहा था। संचालक वन विहार ने बताया कि नर तेंदुआ शावक का वन्य-प्राणी चिकित्सक वन विहार द्वारा विशेषज्ञों से परामर्श लेकर उपचार किया गया। इसके बाद भी उसके आंतरिक अंगों में कमजोरी के कारण वह चलने-फिरने में असमर्थ था तथा उसमें अपेक्षित सुधार भी नहीं हो रहा था। उन्होंने बताया कि मृत नर तेंदुआ शावक का पोस्टमार्टम वन विहार राष्ट्रीय उद्यान के वन्य-प्राणी चिकित्सक दल और वाइल्ड लाइफ एसओएस वन विहार के वन्य-प्राणी चिकित्सक द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। मृत शावक के सेम्पल एकत्रित कर परीक्षण के लिये स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिक हेल्थ जबलपुर एवं डीआई लैब भोपाल भोपाल में भेजे गये हैं। पोस्टमार्टम के बाद मृत नर तेंदुआ शावक का नियमानुसार वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में वरिष्ठ अधिकारियों एवं उपस्थित कर्मचारियों के समक्ष दाह संस्कार किया गया।

## सायबर क्राइम ब्रांच टीम ने शेयर मार्केटिंग में इन्वेस्ट कराने के नाम पर धोखाधडी,करने वालों को किया गिरफ्तार



**रिपोर्टर देवेन्द्र कुमार जैन भोपाल मध्य प्रदेश**

सायबर क्राइम ब्रांच भोपाल की टीम द्वारा शेयर मार्केटिंग में इन्वेस्ट कराने के नाम पर 9,00,000 रुपये की धोखाधडी के आरोपियों को शिवपुरी मध्य प्रदेश एवं सूरत गुजरात से गिरफ्तार किया गया है ।शिकायत कर्ता महिला द्वारा शिकायत मिली थी कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा एमआरटीईई मार्केटिंग प्रायवेट लिमिटेड कम्पनी द्वारा शेयर देने के नाम पर 9,00,000 रूपये की ऑनलाईन धोखाधडी की गई । शिकायत जांच में अज्ञात आरोपी फ्रॉड बैंक खातों के वास्तविक उपयोगकर्ता के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । आपराधिक प्रकरण के अंतर्गत अज्ञात आरोपी द्वारा मोबाईल के जरिये शिकायत कर्ता के नाती से सम्पर्क किया तथा शेयर मार्केट में इन्वेस्ट कराने के नाम पर धोखाधडी कर शिकायत कर्ता महिला के नाती से कुल 9,00,000 रुपये आरटीजीएस करा लिये गये।शिवपुरी के करंट बैंक खाते से ठगी की राशि विभिन्न बैंक खातो में ट्रांसफर कर सायबर ठगों द्वारा की गई थी नगद निकासी। सायबर क्राईम जिला भोपाल की टीम द्वारा अपराध दर्ज करके तकनीकी जानकारी के आधार पर अपराध में प्रयुक्त बैंक खाता के धारक आरोपी निवासी पिछोर जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश व आरोपी के मेमोरेण्डम के आधार पर पाये गये आरोपी निवासी पिछोर, जिला शिवपुरी मध्य प्रदेश को गिरफ्तार किया तथा अपराध के अन्य तीन आरोपीयों को जो सूरत गुजरात के रहने वाले हैं उन्हे कपोदरा जिला सूरत गुजरात से गिरफ्तार किया गया है । प्रकरण में पाये गये तथ्?यों एवं साक्ष्यों के आधार पर विभिन्न धाराओं को लगाया गया।

**क्षेत्रीय पत्रकार संघ का गठन-**

# गोविंद सिंह रघुवंशी उदयपुरा ब्लॉक और कमर राणा देवरी से अध्यक्ष चुने गए



**संवाददाता- हल्केवीर सूर्यवंशी**

देवरी – क्षेत्रीय पत्रकार संघ के गठन के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन बिंझा ढाबा गार्डन में किया गया, जिसमें उदयपुरा और देवरी के पत्रकारों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में वरिष्ठ पत्रकारों ने अपने विचार साझा किए और नए संघ के गठन पर चर्चा की। सर्वसम्मति से उदयपुरा ब्लॉक से गोविंद सिंह रघुवंशी को और देवरी नगर परिषद से कमर राणा को अध्यक्ष चुना गया।

### उदयपुरा ब्लॉक की कार्यकारिणी इस प्रकार रही–

**अध्यक्ष**– गोविंद सिंह रघुवंशी
**उपाध्यक्ष**– संजय बड़कुर
**सचिव**– राजेश रजक
**महामंत्री**– नीलेश पटेल
**विशेष सलाहकार**– एडवोकेट मिथिलेश मेहरा
**महासचिव**– मनोज शर्मा
**कोषाध्यक्ष**– अरविंद धाकड़



**संगठन मंत्री**– प्रदीप तिवारी
**सह सचिव**– अशोक साहू, सुमित मेहरा

### देवरी नगर परिषद पत्रकार संघ की कार्यकारिणी

**अध्यक्ष**– कमर राणा
**उपाध्यक्ष**– वीरेंद्र सिंह राज संजू बाबा, शैलेंद्र लीधौरिया थाला
**महामंत्री**– वकील पठान
**महासचिव**– यशपाल लोधी थाला
**संगठन मंत्री**– डालचंद लोधी
**प्रवक्ता**– हल्केवीर सूर्यवंशी
**सचिव**– जगदीश लोधी
**सदस्य**– अकरम खान, ललित लोधी, रिंकू मेहरा

बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने नव-निर्वाचित अध्यक्ष और कार्यकारिणी के सदस्यों का फूल मालाओं से स्वागत किया और मिठाइयां बांटी गईं। स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ताओं, बुद्धिजीवियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने भी नवगठित संघ को शुभकामनाएं दीं।

**समापन**– यह बैठक क्षेत्रीय पत्रकारिता को और अधिक मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी।

**खुशियों की दांस्ता**

## शिक्षिका श्रीमती अंजना द्विवेदी राज्य स्तरीय शिक्षक पुरूस्कार से होगी सम्मानित



राजू राय

शहडोल। संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय एम.एल.बी. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल में पदस्थ श्रीमती अंजना द्विवेदी विज्ञान विषय की शिक्षिका हैं। शिक्षिका श्रीमती अंजना द्विवेदी को राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार उन्हें उनकी उत्कृष्ट शैक्षणिक सेवा और समर्पण के लिए प्रदान किया जा रहा है। श्रीमती द्विवेदी ने अपने शिक्षण करियर में न केवल छात्रों के ज्ञान को बढ़ाने का कार्य किया, बल्कि उनमें नैतिक मूल्यों और आत्मविश्वास का भी संचार किया। उनकी शिक्षण विधियां और छात्रों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने उन्हें एक प्रेरणास्त्रोत बना दिया है। शिक्षिका श्रीमती अंजना द्विवेदी ने विज्ञान विषय को विद्यार्थियों को बेहतर ढंग से समझाने के लिए वास्तविक जीवन के उदाहरणों से जोड़ा जैसे गुरुत्वाकर्षण के सिद्धांत को समझाते समय, पृथ्वी पर वस्तुओं के गिरने की सामान्य घटना का उपयोग किया जा सकता है। यह छात्रों के लिए अवधारणाओं को समझने के लिए आसान बनाया गया। साथ ही प्रयोगों और गतिविधियों के माध्यम से भी विज्ञान को सिखाया, प्रयोगों से छात्र न केवल सिद्धांतों को समझे हैं, बल्कि उन्हें प्रयोगात्मक तरीके से सत्यापित भी किया। शिक्षिका, श्रीमती अंजना द्विवेदी का कहना है कि मेरा मुख्य विषय विज्ञान है। मेरा उद्देश्य यह रहता है कि मैं बच्चों के शैक्षणिक स्तर तक जाकर उन्हें पढ़ाती हूं मैं बच्चों में जीवन जीने के लिए साहस उत्पन्न करने का प्रयास करती हूं। श्रीमती अंजना द्विवेदी का कहना है कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि समझ, आत्मविश्वास और नई सोच विकसित करने का साधन है। गौरतलब है कि संभागीय मुख्यालय शहडोल के शासकीय एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल की शिक्षिका श्रीमती अंजना द्विवेदी को 25 अक्टूबर 2024 को भापोल में आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया जाएगा।

जिला मुख्यालय पर बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापना के लिए

# सामाजिक कार्यकर्ताओं ने विधायक और कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन।

(25 वर्षों से अटकी है, संविधान निर्माता की प्रतिमा)

**संवाददाता- हल्केवीर सूर्यवंशी**

रायसेन। आज दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को पुनः सैंकड़ों सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से सांची विधानसभा क्षेत्र के विधायक माननीय डॉ प्रभुराम चौधरी तथा कलेक्टर महोदय को जिला मुख्यालय रायसेन में परम पूज्य बाबा साहब अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापित करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा है। ज्ञातव्य हो कि भारतीय संविधान के निर्माता, भारत रत्न, बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा की स्थापना की लंबे समय से मांग चली आ रही है। लेकिन शासन और प्रशासन की अनदेखी से आज तक स्थापित नहीं की गई है। जबकि अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त बौद्ध स्तूप नजदीक में ही सांची विधानसभा में ही स्थित हैं। जहां विश्व भर से लोगों का आना जाना लगा रहता है। बाबा साहब अम्बेडकर की प्रतिमा स्थापित करने के संबंध में दिनांक 20 अक्टूबर 2024 को भी विशेष सामाजिक कार्यकर्ता बैठक हुई। जिसमें रायसेन, भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, सागर आदि जिलों के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने विचार मंथन कर निर्णय लिया कि आगामी संविधान दिवस तक शासन व प्रशासन को मूर्ति की स्थापना जिला मुख्यालय में करना चाहिए। यदि उक्त दिनांक तक स्थापना शासन व प्रशासन के माध्यम से सागर तिराहा पर नहीं होती है तो बाबा साहब की पुण्य तिथि दिनांक 06 दिसंबर 2024 को सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामाजिक सहयोग राशि से प्रतिमा स्थापित की जाएगी। ज्ञापन देने वालों में विशेष रूप से डॉ बी एस अहिरवार, काशीराम अहिरवार, हेमन्त नरवरिया, प्रदीप अहिरवार, एड विश्राम सिंह, जितेंद्र कुमार मूलनिवासी, विमलेश जाटव, राजेश कुमार अहिरवार, धनराज सूर्यवंशी, हल्के वीर सूर्यवंशी, मंगल सिंह, चौधरी, तखत सिंह, गोटीराम बघेल, एड संतराम अहिरवार, भैरो सिंह अहिरवार, दिनेश बघेल, अशोक कुमार अहिरवार, मचल सूर्यवंशी, गौरव चौधरी, सुरेंद्र अहिरवार, मुकेश अहिरवार, कंचन महोबिया, राजकुमार अहिरवार, डॉ धर्मेंद्र अहिरवार, गौरव चौधरी, बारे लाल अहिरवार, रामपाल, प्रेमचंद अहिरवार, रामदयाल अहिरवार, धर्मेंद्र अहिरवार, सूरज अहिरवार, गोपाल सिंह दिवाकर, दिनेश अहिरवार, कमल सिंह पारदी, राजकुमार अहिरवार, रामदास पारदी, (वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रमन बामने, अतर सिंह भारतीय) आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।



ज्ञापन सौंपते हुए बहुजन सामाजिक कार्यकर्ता



# क्षेत्रीय पत्रकार संगठन ने किया मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का भव्य स्वागत।

**संवाददाता- हल्केवीर सूर्यवंशी**




देवरी। देवरी उदयपुरा का क्षेत्रीय पत्रकार संगठन ने उदयपुरा जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत थाना दीघावन में मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल का भव्य स्वागत स्वागत किया। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने सभी पदाधिकारी को माला डालकर उनका भी स्वागत किया आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के अंतर्गत नरेंद्र शिवाजी पटेल ग्राम थाला दिघावन पहुंचे वहां कार्यक्रम के बाद वरिष्ठ पत्रकार यशपाल लोधी के निज निवास पर क्षेत्रीय पत्रकार संगठन की ओर से मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल के स्वागत के लिए भव्य कार्यक्रम रखा थ जिसमें शाम 6~00 बजे मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल पहुंचे नव निर्वाचित पत्रकार संगठन ने हार फूल मलाई डालकर मंत्री जी का भव्य स्वागत किया। मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने उदयपुरा ब्लॉक पत्रकार संघ के अध्यक्ष गोविंद सिंह रघुवंशी एवं नगर देवरी पत्रकार संघ के अध्यक्ष कमर राणा को हार डालकर स्वागत किया। इस मौक पर मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने कहा कि पत्रकार संघ निरंतर लोगों के लिए काम करने वाला संगठन है उन्होंने कहा कि पत्रकारों की कलम लोगों के लिए प्रेरणा बन जाए वही सक्रिय पत्रकारिता की पहचान है पत्रकारों की सामाजिक जीवन में हम महत्ता होती है कैसे भी विषय स्थिति हो सही खबर को निकाल कर हमको परोसने का काम करते हैं इस मौके पर ब्लॉक उदयपुरा पत्रकार कार्यकारिणी संगठन के पदाधिकारी, ब्लॉक सचिव राजेश रजक आज तक, उपाध्यक्ष संजय बड़कुर , संगठन मंत्री नीलेश पटेल साधना न्यूज़, कोषाध्यक्ष अरविंद कुमार धाकड़, महासचिव मनोज शर्मा दबंग न्यूज़ इंडिया, विधिक सलाहकार मिथिलेश मेहरा, संगठन मंत्री प्रदीप तिवारी, सह सचिव सुमित मेहरा, सहसचिव अशोक साहू, देवरी कार्यकारी से पत्रकार संगठन के महासचिव यशपाल लोधी पत्रिका, महामंत्री वकील पठान सर्च स्टोरी, वीरेंद्र राज संजू बाबा दबंग न्यूज़ इंडिया, उपाध्यक्ष शैलेंद्र लिथोरिया जिला ब्यूरो आजकल, संगठन मंत्री डाल चंद्र लोधी दबंग न्यूज़, हल्केवीर सूर्यवंशी प्रवक्ता , जगदीश लोधी सहसचिव, ललित लोधी सदस्य, अकरम खान सदस्य, एवं बरेली से आए हुए पत्रकारों में संतोष मालवीय अरशद खान पवन सिलावट राजेंद्र धाकड़ मौजूद थे।

## शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम मे किशोर अपराधियों को दिए जाने वाली सजा के प्रावधान पर वाद -विवाद प्रतियोगिता का आयोजन







**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में दिनांक 10 अक्टूबर 2024 को विधि के छात्रों के मध्य should juvenile offenders be tried and sentences as adult for serious crime" विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें एलएलबी प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों ने प्रतिभागिता की। विधि के विद्यार्थियों के द्वारा इस विषय पर अपने विचार व्यक्त किए गए एवं किशोर अपराधियो का विचारण गंभीर अपराधों के मामले में वयस्कों के समान किया जाना चाहिए या उन्हें 18 साल से कम आयु होने का कानून के तहत लाभ दिया जाना चाहिए विचार विमर्श किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में नबीला कुरेशी प्रथम स्थान शिवम यादव द्वितीय स्थान अदिति एवं रीटा ने तृतीय स्थान पक्ष में बोलने पर प्राप्त किया एवं मिनाज सिद्धकी प्रथम स्थान प्रार्थना द्वितीय स्थान तनुश्री एवं खुशबू के द्वारा तृतीय स्थान विपक्ष मे बोलने पर प्राप्त किया गया। वाद विवाद प्रतियोगिता में शासकीय विधि महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक डॉ अभिषेक सिंह श्री शिवाकांत मौर्य राजदीप सिंह भदोरिया एवं महाविद्यालय के विभिन्न विद्यार्थी उपस्थित थे।

# विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए युवा महोत्सव जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम उपयोगी - डॉक्टर कल्पना भारद्वाज

**पत्रकार बीआर अहिरवार नर्मदापुरम।** शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में दो दिवसीय युवा महोत्सव का आयोजन संपन्न हुआ। युवा महोत्सव कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय में विभिन्न विधाओं जिसमें रंगोली, पोस्टर मेकिंग, वाद- विवाद ,प्रश्न मंच, मिमिक्री आदि का आयोजन हुआ, जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। युवा उत्सव प्रभारी श्री शिवाकांत मौर्य द्वारा इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को इसको आयोजित किए जाने के उद्देश्य पर चर्चा की ।युवा महोत्सव के दौरान डॉक्टर अभिषेक सिंह एवं श्री राजदीप सिंह भदोरिया







द्वारा युवा महोत्सव आरंभ करने के उच्च शिक्षा का मंतव्य युवाओं के व्यक्तित्व के बहुमुखी विकास के लिए अवसर उपलब्ध कराए जाने के उद्देश्य की सराहना की। प्राचार्य डॉक्टर कल्पना भारद्वाज ने बताया कि शिक्षा का उद्देश्य मात्र डिग्री प्रदान करना नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को शिक्षित करने के साथ-साथ संस्कारवान, विचारशील बनाना और उनकी प्रतिभा को तरासना भी है। युवा महोत्सव की विभिन्न विधाओं में प्रथम, द्वितीय एवम तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले सभी विद्यार्थियों को महाविद्यालय की प्राचार्य एवं सभी प्राध्यापकों ने बधाई दी एवं सहभागिता करने वाले विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

# यातायात सुगम करने भोपाल को एक और आरओबी की सौगात

**भोपाल।** सहकारिता मंत्री श्री विश्वास कैलाश सारंग ने गुरुवार को भोपाल रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म नंबर-1 के पास द्वारका नगर कोच फैक्ट्री से छोला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास के क्षेत्र को सीधे लाभान्वित करने वाले आरओबी निर्माण स्थल का निरीक्षण किया। यह भोपाल क्षेत्र के लिए एक बड़ी सौगात है। आरओबी का लाभ भोपाल के सभी लोगों को होगा। कनेक्टिविटी के कारण करोंद, बैरसिया, स्टेशन, छोला, अरेरा कॉलोनी, भेल, मीनाल सहित निशातपुरा क्षेत्र के सभी रहवासियों को इसका लाभ मिलेगा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि यह उनका ड्रीम प्रोजेक्ट है। इसके बन जाने से लगभग 15 किलोमीटर का राउंड बचेगा। यह क्षेत्र की जनता के लिए बड़ी सौगात है। जल्द ही इसका भूमि-पूजन किया जायेगा। मंत्री श्री सारंग ने रेलवे,



पीडब्ल्यूडी, नगर निगम, पुलिस और जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आरओबी के प्लॉन की जानकारी लेकर निश्चित समयावधि में कार्य पूरा करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि यह आरओबी भोपाल रेलवे स्टेशन के समीप द्वारका नगर से होते हुए छोला स्थित खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास उतरेगा। इसकी लम्बाई लगभग 610 मीटर और चौड़ाई 9.5 मीटर होगी। उन्होंने कहा कि 6 रेलवे ट्रैक के ऊपर बनने वाला यह भोपाल का पहला आरओबी होगा, जो देश के लिये इंजीनियरिंग का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत करेगा। इसके निर्माण से लगभग 15 लाख की आबादी लाभान्वित होगी। मंत्री श्री सारंग ने कहा कि लगभग 90 करोड़ की लागत से आरओबी का निर्माण रेलवे द्वारा करवाया जा रहा है। प्रथम चरण की राशि 72 करोड़ शासन द्वारा रेलवे को जारी कर दी गयी है। इसके टेंडर और वर्क-ऑर्डर हो चुके हैं। यह ब्रिज 18 माह में बनकर तैयार होगा। मंत्री श्री सारंग ने बताया कि इसके निर्माण से पुराने और नये भोपाल के साथ विदिशा, बैरसिया सहित आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी सुदृढ़ होगी। इससे क्षेत्रवासियों का आवागमन सुगम होगा।



## आवाज़ें

मैंने सुना है लोगों को कहते
सुनाई देती है उनको आवाज़ें

वो क्या आवाज़ें होंगी
जो झगझोड़ देती लोगो को
वो क्या सदाएं होंगी
जो मजबूर करती लोगो को

मुझको कुछ सुनाई नहीं देता
पीटता-बजाता हूं शरीर को मैं
ऐसी कोई आवाज़ नहीं आती
कोई जो मेरे अंदर बैठा है, वो
मुझसे कभी बात नही करता

ना जाने क्या गुमां है उसे ख़ुद पे
शायद कोई रहता ही नही मुझ में

कोई कहां से लाता है?
नया काम करने की प्रेरणा
उद्यमी काम करने की चेतना
शायद उनके कष्टों का उबाल पैसा बन गया होगा
शायद यही उन सब की प्रेरणा बन गया होगा

कोई प्रेरणा न उबाल बाक़ी है
बस प्यार व सवाल बाक़ी है

कल हारे मुसाफ़िर ने बताया मुझको
कुछ नहीं रखा है मंज़िल को पाने में
सब एक मरीचिका है
सब आंखों का धोखा है
कौन बताएगा यह मेरे लोगों को?
कौन समझाएगा यह मेरे लोगों को?
वो लोग बुत बने बैठे है, वो लोग अंधे-गूंगे है
उनसे ज़रा बात हो नहीं सकती
उनको मालूम है बस दो 'नफ़ा' और 'नुकसान'

मुझको मालूम है भावनाएं
मुझको मालूम है यंत्रणाएं
मुझको मालूम है अंधेरे साएं
मुझको मालूम है समस्याएं

कौन रहता है मेरे पास
कोई नहीं है मेरे पास
बड़ा चिंतन करने पे मालूम हुआ
यह दुनिया है मेरे लिए नहीं है यह
सबका बहलता होगा दिल मेरा तो जलता है
जलते दिल से उठती लपटें खाती है मुझको
बड़े चाव से सुबह-शाम बार-बार खाती है मुझको
मैं नहीं देखता दर्पण अब
खोए हुए ख़ुद से मिलने की हिम्मत
होती नहीं है मेरी अब
बड़ा प्रयास करने पे मुझे यह मालूम हुआ!
शाम होते ही दीवारों का काटना शुरू हुआ!

लगता नहीं दिल मेरा किसी काम में
ऊब गया हूं मैं अब हर एक काम से।
शायद मैं ही नहीं लोगों के लिए
ग़लत हो गया है निर्माण मेरा
जल जाना ही उचित है अब मेरा
क्या काम है इस दुनिया में मेरा
कोई आशा दिखती होगी आपको,जनाब!
मुझको तो दिखती है सिर्फ़ अंधेरे
गहरे काले अंधेरे जो चूसते है मुझे
आप लोग दिनों को जीया करते है
मैं इनको एहसान तले उतारता हूं

द्रव्य,रूप,कला,पौरुष,यौवन
कुछ नहीं जिस पर अभिमान हो
एक अदना हूं सिर्फ़ प्रेम करता हूं!
छोटे या बड़े हर काम में बेकार हूं।
तुम क्यों मुझसे उम्मीद लगाते है।

बात मेरी समझो !
मुझे चले जाने दो!
मेरा हर ज़र्रा हारा हुआ है!
मेरा हर अंग थका हुआ है!

लेखक - अथर्व दीक्षित

### भारत रत्न डॉ अम्बेडकर जी की प्रतिमा स्थापना के लिए

# जिला मुख्यालय रायसेन में सामाजिक कार्यकर्ताओं की विशेष बैठक संपन्न।

**संवाददाता- हल्केवीर सूर्यवंशी**

रायसेन- भारत रत्न, भारतीय संविधान के जनक, आधुनिक भारत के आर्किटेक्चर, बोधि सत्व, परम पूज्य बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के रायसेन, नरसिंहपुर, नर्मदापुरम, सागर, विदिशा, सीहोर, भोपाल आदि जिलों के समस्त अनुयायियों ने 06 दिसंबर 2024 को जिला मुख्यालय रायसेन में बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की प्रतिमा की स्थापना के कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 20 अक्टूबर 2024, दिन रविवार को समय दोपहर में 12.00 से 04.00 बजे तक जिला मुख्यालय के डॉ भीमराव अम्बेडकर भवन रायसेन में विशेष बैठक आयोजित की। बैठक में प्रशासनिक अधिकारी /कर्मचारी गण, राजनीतिक नेतागण एवं सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक संगठनों के पदाधिकारी गण उपस्थित हुए। जिसमें प्रतिमा स्थापना के कार्यक्रम के लिए विशेष समिति का सर्व सम्मति से गठन किया गया। जिसके अध्यक्ष श्री एम एल राठौरिया, कोषाध्यक्ष मुकेश कटियार, सचिव विमलेश जाटव , उपाध्यक्ष डॉ बी एस अहिरवार तथा अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए गए। जिसमें रायसेन, भोपाल, विदिशा, नर्मदापुरम, नरसिंहपुर, सागर आदि जिलों के सामाजिक, धार्मिक और राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने विचार मंथन कर निर्णय लिया कि आगामी संविधान दिवस तक शासन व प्रशासन को मूर्ति की स्थापना जिला मुख्यालय में होना चाहिए। यदि उक्त दिनांक तक स्थापना शासन व प्रशासन के माध्यम से स्थापना नहीं होती है तो बाबा साहब की पुण्य तिथि दिनांक 06 दिसंबर 2024 को सामाजिक कार्यकर्ताओं के माध्यम से सामाजिक सहयोग राशि से प्रतिमा स्थापित की जाएगी।

बैठक में विशेष रूप से गोपीलाल अहिरवार, डॉ बी एस अहिरवार, काशीराम अहिरवार, हेमन्त नरवरिया, प्रदीप अहिरवार, एड विश्राम सिंह, विद्या भारती, माधो सिंह रविदासिया, संत राधाकृष्ण दास जी, जितेंद्र कुमार मूलनिवासी, राकेश अम्बेडकर, विमलेश जाटव, राजेश कुमार अहिरवार, धनराज सूर्यवंशी, हल्के वीर सूर्यवंशी, सुप्यार बम्होर्या, चैन सिंह सिसोदिया, मंगल सिंह चौधरी, हरिराम ठेकेदार, तखत सिंह, गोटीराम बघेल, एड संतराम अहिरवार, भैरो सिंह अहिरवार, दिनेश बघेल, अशोक कुमार अहिरवार, मचल सूर्यवंशी, गौरव चौधरी, सुरेंद्र अहिरवार, मुकेश अहिरवार, सकन सिंह मालवीय, कंचन महोबिया, राजकुमार अहिरवार, डॉ धर्मेंद्र अहिरवार, गौरव चौधरी, बारे लाल अहिरवार, रामपाल, प्रेमचंद अहिरवार, मोहन अहिरवार, गुड्डू अहिरवार, हल्के भैया अहिरवार, एम एल चौधरी, बालकृष्ण नरवरिया, रामदयाल अहिरवार, धर्मेंद्र अहिरवार, सूरज अहिरवार, गोपाल सिंह दिवाकर, दिनेश अहिरवार, कमल सिंह पारदी, राजकुमार अहिरवार, रामदास पारदी, (वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रमन बामने, अतर सिंह भारतीय) आदि विशेष रूप से मौजूद रहे।






**भोपाल।** कबीर मिशन समाचार पत्र समाचार पत्र को मध्य प्रदेश में विस्तार हेतु वर्ष आगामी वर्ष 25- 26 के लिए निम्न जिलों में जिला ब्यूरो चीफ जिला संवाददाता जिला प्रभारी के पद पर सभी शासकीय एवं अदृशासकीय विभागों में संवाददाताओं की नियुक्ति भी की जाना है सभी लोग जल्द से जल्द अपनी जिम्मेदारी प्राप्त करें प्रबंध संपादक रामेश्वर मालवीय जी से संपर्क करें वह संस्थापक से भी कर सकते हैं नियुक्त किया जाना है जिसमें कुछ जिला संवाददाता यथावत रहेंगे तथा संभाग स्तर पर भी संभागीय संवाददाता अध्यक्ष नियुक्त किया जाना है पहली सूची में जिला स्तर पर जिला संवाददाताओं की नियुक्ति का प्रकाशन होगा जिसमें निम्न जिले होंगे सबसे पहले राजगढ़ जिला नंबर 2 विदिशा 3, रायसेन, 4 बैतूल 5,हरदा 6, भोपाल 7, शाजापुर, 8, आगर 9, देवास, 10, उज्जैन 11, इंदौर 12, खरगोन, 13 खंडवा 14, अशोक नगर 15,शिवपुरी16, गुना 17, मुरैना,18, भिंड आदि जिलों के जिला ब्यूरो के जिला प्रभारी यो की नियुक्ति बहुत जल्द से जल्द की जाना है ताकि मध्य प्रदेश में काम तेज गति से बड़े और बाकी जिलों में जैसे ही नाम आएंगे हम तुरंत नियुक्तियां उपलब्ध कराएंगे जय भीम जय भारत जय संविधान जय मध्यप्रदेश,, प्रधान संपादक इंदर सिंह वर्मा भोपाल कबीर मिशन समाचार पत्र साप्ताहिक भोपाल राजगढ़ मोबाइल नंबर 9713101401 ,8462072516।

## जन अधिकार मोर्चा की प्रथम प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में संपन्न।



कल दिन शनिवार और दिनांक 19/10/24 को जन अधिकार मोर्चा की प्रथम प्रदेश स्तरीय बैठक रायपुर में संपन्न हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पदाधिकारी आए। इस बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रिका सिंह जी के द्वारा की गई इसमें मुख्य अतिथि श्री कर्मवीर सिंह जादौन जी को बनाया गया जो कि जन अधिकार मोर्चा छत्तीसगढ़ के प्रदेश प्रभारी हैं। इस बैठक में प्रदेश स्तरीय कई मुद्दों पर चर्चा हुई जिसमें शिक्षा, चिकित्सा, केशकाल घाट का जाम, सरकार की नीतियों को लागू करवाना प्रमुख थे। इस बैठक में प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार भी किया गया जिसके अंतर्गत श्री जाहिद अहमद खान जी को प्रदेश संयोजक, श्री विपिन तिवारी जी को प्रदेश महासचिव, श्री रवि तिवारी जी को प्रदेश उपाध्यक्ष, श्री सुदामा ठाकुर जी को प्रदेश कोषाध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावा रायपुर प्रेस क्लब में प्रदेश अध्यक्ष श्री चंद्रिका सिंह जी के द्वारा एक प्रेस वार्ता भी की गई जिसमें संगठन की कार्यप्रणाली के बारे में पत्रकार बंधुओं को बताया गया तथा जन अधिकार मोर्चा की अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

## हिंदू उत्सव समिति सुल्तानपुर के अध्यक्ष बने शुभम शर्मा



हिंदू उत्सव समिति के शुभम शर्मा अध्यक्ष बने राम जानकी मंदिर सुल्तानपुर हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष पद के लिए मतदान हुआ हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष के लिए मुख्य दावेदार सुनील राय बा बा शुभम शर्मा के बीच मुकाबला हुआ दोनों उम्मीदवार को 243 वोट मिले इसके बाद पर्ची उठाकर अध्यक्ष चयन किया गया जिसमें शुभम शर्मा अध्यक्ष चुने गए द्य समस्त समस्त सुल्तानपुर वासियों ने शुभम शर्मा को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

## राज्यपाल और मुख्यमंत्री 14 शिक्षकों को प्रदान करेंगे राज्य स्तरीय शिक्षक पुरस्कार

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में 14 शिक्षकों को सम्मानित करेंगे। समारोह में निःशुल्क गणवेश योजना अंतर्गत प्रदेश के शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत 54 लाख विद्यार्थियों के बैंक खातों में करीब 324 करोड़ रूपये की राशि सिंगल क्लिक से अंतरित की जायेगी। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह भी उपस्थित रहेंगे। इस वर्ष का राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह 25 अक्टूबर को भोपाल के आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन अकादमी के स्वर्ण जयंती हॉल में प्रातः 10:30 बजे आयोजित किया जा रहा है। राज्य स्तरीय सम्मान से विभूषित सभी शिक्षकों को समारोह में सम्मान राशि 25 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा। वहीं विगत वर्ष के राष्ट्रीय शिक्षक पुरूस्कार विजेता शिक्षकों को विशेष सम्मान राशि 11 हजार रूपये, शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित किया जाएगा।

# आज महाराष्ट्र की चुनावी स्थिति



**20 अक्टूबर 2024,**
**भावना मंगलमुखी, मुंबई**

* माहौल बिल्कुल हल्का सा MVA के पक्ष में लेकिन मैनेजमेंट मोदी - शाह का बेहतर हो सकता है !
* जनभावना MVA के साथ लेकिन तंत्र महायुति के साथ है !
* कट्टर हिंदुत्व और सेक्युलर घटकों के नए समीकरणों से वैचारिक समर्थकों में असमंजस !
* उम्मीदवार की पसंद हो सकती है निर्णायक !
* ओवैसी, प्रकाश अंबेडकर, वामन मेश्राम और राज ठाकरे बीजेपी को गाली देते हुए भी निभा सकते हैं बी टीम का रोल !
* लोकसभा चुनाव में 20 - 30 की लड़ाई अब 20 - 21 पर आ चुकी है।
* गावों में MVA की स्थिति मजबूत लेकिन शहरों में उत्तर भारतीय मतदाता दिला सकते हैं बीजेपी को बढ़त !
* मराठा - गैर मराठा से भी ज्यादा निर्णायक हो सकता है हिंदू - मुस्लिम अंडरकरंट !
* अगर हिंदुत्व का कार्ड चला तो उद्धव ठाकरे को लग सकता है झटका !
* उद्धव ठाकरे को मुस्लिम तो कर सकते है समर्थन लेकिन कट्टर हिंदू कर सकते है बीजेपी - शिंदे पर भरोसा !
* अजित पवार की स्थिति हरियाणा बीजेपी के जाट नेताओं जैसी ही है, बीजेपी समर्थक उन्हें हिंदू नहीं मानते और उनके भूतपूर्व मुस्लिम समर्थक उन्हें सेक्युलर नहीं मानते !
* लाड़की बहिन योजना से महिलाओं का समर्थन जा सकता है महायुति की ओर !
* महायुति में शिंदे को तो MVA में शरद पवार को मिल सकता है सबसे अच्छा स्ट्राइक रेट !
* स्ट्राइक रेट में पिछड़ सकते है अजित पवार और उद्धव ठाकरे !
* अंत में अगर चुनाव आयोग और ईवीएम का खेल न हो तो कुछ ऐसे आ सकते है परिणाम -

| | |
|---|---|
| MVA | 151 +/- 10(41+1त्र) |
| NDA | 131 +/- 10(41-1त्र) |
| अन्य | 10 +/- 5 |

**विशेष -**

* उद्धव ठाकरे और कांग्रेस की महत्वाकांक्षाएं महाराष्ट्र को भी बना सकती है हरियाणा तो सिर्फ़ शरद पवार की सूझबूझ और रणनीति ही लगा सकते है INDIA की नैया पार !
* परिणाम पश्चात भी सरकार बनाने में हो सकता है विलंब और लग सकता है राष्ट्पति शासन !
* अगर महाराष्ट्र में INDIA वाले जीत भी जाते हैं तो भी जब तक केंद्र में बीजेपी की सरकार रहेगी, तोड़ - फोड़ करके भी बीजेपी महाराष्ट्र की सत्ता हथिया कर ही रहेगी क्योंकि यहां हर कोई बिकने को तैयार रहता है। 50 खोके बिल्कुल ओके !

**कामरेड भावना मंगलमुखी**

# भाजपा के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत मुख्यमंत्री ,प्रदेश अध्यक्ष व प्रदेश संगठन महामंत्री ने सक्रिय सदस्यता ग्रहण की

- सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यकताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करेगा
- मध्यप्रदेश सदस्यता की तरह सक्रिय सदस्यता अभियान में भी इतिहास बनाएगा – डॉ. मोहन यादव
- कल मध्यप्रदेश के सभी मंडलों में कार्यकर्ता बनेंगे सक्रिय सदस्य, बनाएंगे रिकॉर्ड
- मध्यप्रदेश में 1 करोड़ 53 लाख से अधिक पहुंचा सदस्यता का आंकड़ा – विष्णुदत्त शर्मा

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत शुक्रवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी पार्टी के सक्रिय सदस्य बने। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सक्रिय सदस्य बनाया। भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा प्रदेश एवं जिला सदस्यता टोली ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी को सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराई। सक्रिय सदस्य बनने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान कार्यकताओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की नई ऊर्जा प्रदान करेगा। सदस्यता अभियान की तरह मध्यप्रदेश सक्रिय सदस्यता अभियान में भी इतिहास बनाएगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष



विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज शुक्रवार से मध्यप्रदेश में सक्रिय सदस्यता अभियान का विधिवत शुभारंभ हो गया है। मध्यप्रदेश ने संगठन पर्व के लक्ष्य से अधिक 1 करोड़, 53 लाख से अधिक सदस्य बनाए हैं। कल शनिवार को प्रदेश के सभी मंडलों में पार्टी कार्यकर्ता अधिक से अधिक संख्या में सक्रिय सदस्य बनकर इतिहास बनाएंगे।

## कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनकर भाजपा को और अधिक सशक्त बनाएं- डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि बहुत प्रसन्नता है कि मुझे विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल का सक्रिय सदस्य बनने का गौरव प्राप्त हुआ है। सक्रिय सदस्यता पार्टी की आंतरिक लोकतंत्र को मजबूत करता है। भाजपा का सक्रिय सदस्य बनना आत्मा की सुख, शंति के साथ ही भौतिक रूप से भारत की उन्नति व प्रगति के मूल उद्देश्य की प्राप्ति भी है। मैं राज्य के सभी पार्टी कार्यकताओं का आह्वान करता हूं कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में राष्ट्र प्रथम के संकल्प के साथ सतत आगे बढ़ने वाली भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य बनें।

## कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं- विष्णुदत्त शर्मा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि आज मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पार्टी का सक्रिय सदस्यता ग्रहण कराकर सक्रिय सदस्यता अभियान का प्रदेश में शुभारंभ किया गया। मैं प्रदेश के सभी कार्यकताओं का आह्वान करता हूं कि वे सक्रिय सदस्य बनकर पार्टी में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। कल मंडल स्तर

# प्लेटफार्म पर सोते समय ट्रेन की चपेट में आने से हुई दर्दनाक मौत

## शराब की लत के कारण घर पर नहीं रहता था युवक



**भोपाल।** शहर के उपनगर बैरागढ़ थाना इलाके में पुलिस ने बैरागढ़ स्टेशन के पास माल गोदाम के पास से एक युवक की लाश बरामद की है। उसके शरीर व चेहरे पर चोट के कई निशान है। एक और जहॉ उसके साथ अनहोनी की आंशका है, वहीं शुरूआती जॉच के आधार पर पुलिस का मानना है कि उसके शरीर पर नजर आ रहे चोट के निशान किसी हमले के नहीं बल्कि ट्रेन की चपेट में आने के हो सकते है। हालांकि मौत के सही कारणो का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब 9.30 बजे बैरागढ़ स्टेशन के पास माल गोदाम के प्लेटफार्म पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा दिया था। मृतक की पहचान विदिशा निवासी राहुल जाटव (28) पुत्र नारायण सिंह के रूप में की गई है। राहुल संत हिरदाराम नगर स्थित कपड़े की एक दुकान पर काम करता था, और उसे अधिक शराब पीने की लत थी। राहुल अपना घर छोड़कर बैरागढ़ रेलवे स्टेशन में रहता था, और वहीं एक बेंच पर रात में सो जाता था। गुरुवार रात युवक ने बहुत शराब पी ली थी। उसके बाद वह प्लेटफार्म पर लगी एक बेंच पर आकर सो गया, सोते समय वह बेंच से गिरा और प्लेटफार्म के करीब रेलवे ट्रेक पर पहुंच गया। इसी बीच ट्रेन निकली तो वह चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने शव को पीएम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। परिवार वालो ने पुलिस को बताया कि मृतक शराब पीने की लत के कारण घर में नहीं रहता था।

# फर्जी दस्तावेज से मेडिकल में एडमिशन लेने वाले को 3 साल की जेल

## कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने की थी शिकायत

**भोपाल।** व्यापम के तहत मेडिकल सीट पर फर्जी निवास पत्र के आधार पर प्रवेश लेने वाले यूपी निवासी सौरभ सचान को भोपाल की एसटीएफ कोर्ट ने तीन साल की सजा सुनाई है। यह फैसला भोपाल एसटीएफ स्पेशल जज अतुल सक्सेना की कोर्ट ने सुनाया है।शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक सुधा विजय सिंह भदौरिया और आकिल अहमद खान ने की है। यह प्रकरण पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह की 2021 में की गई शिकायत के बाद दर्ज हुआ था। जानकारी के मुताबिक दिग्विजय सिंह ने अपनी शिकायत में संदिग्ध छात्रों की सूची सौंपते हुए बताया था, कि संदिग्ध छात्र उत्तरप्रदेश के रहने वाले हैं, जबकि उन्होंने मध्यप्रदेश



का मूल निवासी प्रमाणपत्र बनवाकर परीक्षा दी और उनके सीट आवंटन पत्र में लगा हुआ फोटो भी अलग है। जिस पर एसटीएफ पुलिस ने अपराध क्रमांक 03/2020 धारा 420, 467, 468, 471 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर जांच की। आरोपी सौरभ के मूल निवासी प्रमाण पत्र की जांच में पाया गया कि जारी करने वाले अनु विभागीय अधिकारी त्योंथर जिला रीवा मध्यप्रदेश ने यह प्रमाणपत्र जारी ही नही किया है। और उसने उत्तर प्रदेश का निवासी होने पर भी मध्य प्रदेश का फर्जी मूल निवासी प्रमाणपत्र बनवाया और उसके आधार पर मेडिकल कॉलेज में एडमिशन लिया था। लोक अभियोजक ने बताया कि प्रकरण की सुनवाई पूरी होने के बाद पेश किए गए तथ्यों और दस्तावेजों के आधार पर एसटीएफ के स्पेशल जज अतुल सक्सेना ने आरोपी सौरभ सचान को दोषी करार दिया। कोर्ट ने इस मामले में सौरभ को धारा 420, 467, 468, और 471 के तहत प्रत्येक धारा के लिए तीन साल की सजा और 500 रुपये के अर्थदंड किस वजह से दंडित किए जाने का फैसला सुनाया है।

# प्लास्टिक कचरे से बनेंगे पर्यावरण अनुकूल प्लास्टिक बोर्ड

- नगर निगम ने आदमपुर छावनी में प्रारंभ किया बहुस्तरीय प्लास्टिक रिसाईक्लिंग प्लांट



**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर की स्वच्छता, कचरा निष्पादन एवं पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रभावी कार्यवाही निरंतर की जा रही है साथ ही समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार भी किया जा रहा है। इसी तारतम्य में नगर निगम ने आदमपुर खंती में टैराफार्म ई.एस.जी. प्राईवेट लिमिटेड के सहयोग से एक नवीन बहुस्तरीय प्लास्टिक रिसाईक्लिंग प्लांट प्रारंभ किया है जिसमें बिलकुल अनुपयोगी समझे जाने वाले पॉलीथीन बैग, चाकलेट रेपर, चिप्स आदि के पैकेट से पर्यावरण अनुकूल प्लास्टिक बोर्ड बनाए जायेंगे जो मजबूत एवं टिकाऊ होने के साथ ही प्लायवुड का बेहतरीन विकल्प भी होगा। नगर निगम, भोपाल व टैराफार्म ई.एस.जी. प्राईवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में आदमपुर छावनी लैण्डफिल साईट पर बहुस्तरीय प्लास्टिक (डच्स्) रिसाईक्लिंग प्लांट प्रारंभ किया है। इस प्लांट का उद्देश्य रिसाईकिल योग्य न समझे जाने वाले प्लास्टिक कचरे जिसमें पॉलीथीन के बैग, चाकलेट आदि के रेपर एवं चिप्स के खाली पैकेट शामिल है को पुनः उपयोग में लाना है और इससे प्लास्टिक बोर्ड बनाए जायेंगे।

## चिचोली ग्राम की बेटी ने किया नाम रोशन ...

# मध्य प्रदेश-3 का ग्रैंड फिनाले मिसेज वसेंटाइल माधवी रघुवंशी को हुआ हासिल

- बेटी की इस सफलता पर ग्राम में खुशियां मनाई गई, साथ ही शुभ कामना भी दी गई। सेलक्शन किया गया।




**रायसेन/सिलवानी।** विधानसभा मुख्यालय से सटे ग्राम चिचोली की बेटी माधवी रघुवंशी ने भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया। बेटी की इस सफलता पर ग्राम में खुशियां मनाई गई, साथ ही शुभ कामना भी दी गई। जानकारी के तहत भोपाल में आयोजित बयूटी पेजेंट मिस एंड मिसेज वसेंटाइल मध्य प्रदेश-3 का ग्रैंड फिनाले शुक्रवार को हुआ। जिसमे सिलवानी तहसील के चिचौली गांव की माधवी रघुवंशी के नाम मिसेज वसेंटाइल मध्य प्रदेश का खिताब रहा, 3 राउंड में 20 मिसेज और मिस कैटेगरी में 15 पार्टिसिपेंट ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में ग्रैंड फिनाले से पहले ऑडिशन और टैलेंट के बेसिस पर सेलक्शन किया गया। इसके आयोजक आदित्य शर्मा ने बताया कि ग्रैंड फिनाले में शामिल सभी सभी प्रतिभागियों के लिए 3 दिन की वर्कशॉप हुई थी। इसमें उन्हें उनकी हॉबी, पर्सनालिटी डेवलपमेंट, हेल्थ केयर, फिटनेस केयर, डेंटल केयर और रैंपवॉक के बारे में बताया गया। ग्रैंड फिनाले की शुरूआत ट्रेडिशनल वॉक से की गई। इसके बाद वेस्टर्न वियर और सवाल- जवाब राउंड का हुआ। सवाल- जवाब राउंड में सभी प्रतिभागियों से उनके आईक्यू बेस्ड सवाल पूछे गए। इसमें करियर, सोशल और सोसायटी संबंधित सवाल शामिल थे। इस कार्यक्रम में माधवी रघुवंशी के नाम मिसेज वसेंटाइल मध्य प्रदेश का खिताब रहा, तो मिस वसेंटाइल मध्य प्रदेश अंशिका सिंह बघेल रहीं। इस सफलता पर माधवी रघुवंशी को सभी ने बधाई शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

# जिला मुख्यालय रायसेन से शुरू हुई सक्रिय सदस्यता अभियान की शानदार शुरूआत



**रायसेन।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रायसेन जिले में 19 नवंबर से सक्रिय सदस्यता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है सक्रिय सदस्यता अभियान का शुभारंभ जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा की मौजूदगी में प्रारंभ हुआ इस अवसर पर सर्वप्रथम जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा सांची विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी का सक्रिय सदस्य फॉर्म भरकर उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया गया वहीं दूसरी ओर और साचेत मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल द्वारा जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा का सदस्यता फॉर्म भरते हुए उन्हें सक्रिय सदस्य बनाया गया इस प्रकार से जिले में सभी 22 भाजपा मंडल मंडलों में सक्रिय सदस्यता अभियान शुरू हो गया है, सभी मंडल अध्यक्षों को सक्रिय सदस्य बनाए जाने की जिम्मेदारी दी गई है। इस अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा ने बताया कि पार्टी हाई कमान द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में हमारे द्वारा जिला मुख्यालय सहित सभी 22 मंडलों में सक्रिय सदस्यता अभियान की शुरूआत हो गई है जिसके तहत सभी मंडल अध्यक्ष सौ सौ सक्रिय सदस्य बनाएंगे इसके साथ ही सक्रिय सदस्य के लिए ?100 रुपए की राशि ऑनलाइन जमा करना होगी। उन्होंने कहा कि सक्रिय सदस्यता अभियान के साथ अभी भी प्राथमिक सदस्य बनाए जा रहे हैं जिन कार्यकर्ताओं ने अभी तक 100 सदस्य नहीं बनाए हैं वह प्राथमिक सदस्य ऑनलाइन एवं ऑफलाइन बना सकते हैं। इस मौके पर सांची विधायक डॉक्टर प्रभु राम चौधरी ने कहा कि भाजपा द्वारा शुरू किए गए सक्रिय सदस्यता अभियान में सभी मंडल अध्यक्ष सक्रिय भूमिका निभाते हुए सक्रिय सदस्य बनाने के कार्य में जुट गए हैं। इस अवसर पर श्री राम परिसर में सक्रिय सदस्यता अभियान के मामले में प्रेस वार्ता आयोजित की गई जिसके तहत पत्रकारों को सक्रिय सदस्यता के बारे में जिला भाजपा अध्यक्ष श्री शर्मा द्वारा विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष राकेश तोमर, धीरेंद्र सिंह कुशवाह, जमना सेन, नगर मंडल अध्यक्ष आदित्य शर्मा, साचेत मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र बघेल, सांची मंडल अध्यक्ष संतोष शर्मा, कार्यालय मंत्री जीतू ठाकुर, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, देवेंद्र यादव, जगदीश अहिरवार, मीडिया प्रभारी सी एल गौर सहित अनेक भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भाजपा मंडल पश्चिम में सक्रिय सदस्य बनाने अभियान प्रारंभ हुआ



**रायसेन/सिलवानी।** विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के 'सक्रिय सदस्यता अभियान' के तहत शनिवार को भाजपा मंडल पश्चिम में सक्रिय सदस्य बनाने अभियान प्रारंभ हुआ। सक्रिय सदस्यता अभियान के तहत प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला ने शनिवार को मंडल पश्चिम में जनपद अध्यक्ष ठाकुर तरवर सिंह राजपूत, भाजपा वरिष्ठ नेता रमाकांत शुक्ला, एवं वरिष्ठ नेता प.ओंकार प्रसाद शर्मा को सक्रिय सदस्य बनाया गया। जन प्रतिनिधियों सहित वरिष्ठ नेताओं ने सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान शुरू किया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय शुक्ला ने बताया कि भाजपा कार्यकर्ता ने अपनी रेफरल आईडी से 100 से अधिक सदस्य बनाए हैं वह मंडल अध्यक्ष से संपर्क कर सक्रिय सदस्य बन सकते हैं। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि विभोर नायक, वरिष्ठ भाजपा नेता सलीम भाई, भाजपा मंडल उपाध्यक्ष लखन चंदेल, महामंत्री संजू बनारसी उपस्थित रहे।

## स्वास्थ शिविर में एचआईवी की जांच की गई



**भोपाल।** सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान भोपाल टीम एवं टीबी हॉस्पिटल आईसीटीसी काउंसलर शमीली उबनारे के सामूहिक सहयोग से मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के मार्गदर्शन अनुसार बस स्टैंड नांदरा पर दुकानदारों, आटो चालक एवं राहगीरों से संपर्क कर रक्त जांच स्वास्थ जागरूकता शिविर आयोजित किया गया शिविर में-एचआईवी से बचाव हेतु सावधानियां पर विस्तार से जानकारी दी गई एचआईवी/ एड्स/ एसटीआई पर जागरूकता हेतु आईसी मटेरियल वितरित किए गए। केंप के माध्यम से एचआईवी, वीडीआरएल, हेपेटाइटिस बी, सी की रक्त जांच की गई। चर्चा के दौरान जानकारी देते हुए जयकुमार मालवीया (टीआई काउंसलर) के द्वारा बताया गया कि मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के मार्गदर्शन में एचआईवी की रोकथाम के लिए टीआई संस्थाओं एवं आईसीटीसी में फ्री जांच एवं एआरटी सेंटर में फ्री उपचार के माध्यम से मरीजों की जांच उपचार कराना एवं मरीजों को सहयोग कर एचआईवी को समाप्त करने के लक्ष्यगत संस्था द्वारा कार्य किया जा रहा है। आज के जांच/स्वास्थ शिविर में टीबी हॉस्पिटल से आईसीटीसी काउंसलर शमीली उबनारे एवं सुमित्रा सामाजिक कल्याण संस्थान भोपाल से जयकुमार मालवीया (काउंसलर) गंधर्व प्रताप सिंह (डाक्टर) सायरा खान, हरिओम चिड़ार, नरेंद्र पवार का सहयोग रहा।

# नीति आयोग की टीम ने विदिशा और भोपाल में एमएसएमई इकाइयों का अवलोकन किया



**भोपाल।** नीति आयोग की टीम ने विदिशा में कृषि उपकरणों का निर्माण करने वाली इकाइयों को और प्रोत्साहित करने तथा भोपाल में कुशल श्रमिकों की सुलभता के लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समन्वित प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। नीति आयोग की टीम ने विदिशा तथा भोपाल की अनेक एमएसएमई इकाइयों का भ्रमण किया। नीति आयोग की टीम ने विदिशा के जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारियों के साथ विदिशा की ओडीओपी इकाई मेसर्स उषा एग्रो का भ्रमण किया। टीम ने मेसर्स उषा एग्रो द्वारा निर्मित विभिन्न कृषि उपकरणों का अवलोकन किया। प्रोपराइटर श्री मानस गुप्ता के साथ ओ.डी.-ओ.पी. उत्पाद के विकास एवं निर्यात के वृद्धि के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। नीति आयोग द्वारा एमएसएमई विभाग के अधिकारियों को सुझाव दिया गया कि ÷एक जिला-एक उत्पाद÷ के साथ विदिशा को कृषि उपकरण इंडस्ट्री हब के रूप में विशिष्ट पहचान दिलाए जाने का प्रयास भी किया जाये। नीति आयोग की टीम द्वारा भोपाल के गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में महिला उद्यमी मेसर्स परिधि इंडस्ट्रीज की औद्योगिक इकाई का भी निरीक्षण किया। इस औद्योगिक इकाई में 164 कर्मचारी कार्यरत हैं। इस इकाई की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इसमें 24 घंटे और 365 दिन कार्य होता है अर्थात कभी भी उत्पादन रुकता नहीं है। इकाई में हैवी फैब्रिकेशन एवं मशीनरी का कार्य किया जाता है। महिला उद्यमी से नीति आयोग द्वारा समस्या एवं सुझाव चाहे गए। उद्यमी श्रीमती कुमुद तिवारी द्वारा बताया गया कि यहाँ पर उन्हें स्किल कर्मी की सबसे ज्यादा कठिनाई हो रही है। अभी कर्मचारियों को स्किल करते हैं तथा फिर उन्हें टेक्नीशियन एवं सुपरवाइजर बनाते हैं। नीति आयोग की टीम ने राज्य और केंद्र सरकार द्वारा मिलकर शीघ्र निराकरण करने के लिए आश्वस्त किया गया।

# महाराष्ट्र में 250 सीटों पर एनसीपी-शिवसेना के साथ चर्चा पूरी, भाजपा 40 प्रतिशत विधायकों का काट सकती है टिकट

**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र में आगामी विधानसभा चुनावों के लिए सत्तारूढ़ गठबंधन सहयोगियों के बीच सीट बंटवारे की व्यवस्था पर चर्चा करने के लिए शुक्रवार रात नई दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के बाद मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने शनिवार को कहा कि बातचीत अंतिम चरण में है। उन्होंने कहा कि कुल 288 सीटों में से केवल 30-35 सीटों पर सहमति बननी बाकी है। उन्होंने कहा कि अंतिम सीट बंटवारे की घोषणा एक या दो दिन में की जा सकती है।

शिंदे ने कहा, हमारी अमित शाह के साथ चर्चा सकारात्मक और रचनात्मक रही। मतभेदों को दूर कर लिया गया है और बातचीत बिना किसी मुद्दे के अंतिम चरण में है। केवल 30-35 सीटें हैं जिन पर अंतिम बातचीत लंबित है। अगर जरूरत पड़ी तो उनके साथ फिर से चर्चा होगी और इसे एक या दो दिन में अंतिम रूप दे दिया जाएगा।



वहीं, भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व ने राज्य के प्रमुख नेताओं के साथ लगभग 160 सीटों पर उम्मीदवारों के नाम को लेकर भी चर्चा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में पार्टी ने सत्ता विरोधी माहौल को कम करने के लिए 30 से 40 फीसदी विधायकों के टिकट काटने का फैसला किया गया है।

भाजपा मुख्यालय में बुधवार शाम लगभग तीन घंटे चली बैठक में केंद्रीय नेतृत्व ने भाजपा के हिस्से में आने वाली लगभग 160 सीटों पर नामों चर्चा की थी। सूत्रों के अनुसार पार्टी ने 100 से ज्यादा उम्मीदवारों के नाम तय कर लिए हैं। कुछ सीटों को रणनीति के हिसाब से रोका गया है। बाकी पर दूसरे दलों के उम्मीदवारों को देखकर फैसला किया जाएगा। सहयोगी दलों के साथ एक-दो सीटों की अदला-बदली की संभावना बनी हुई है।

सूत्रों के अनुसार भाजपा अपनी पिछली बार लड़ी 164 सीटों में कुछ में बदलाव कर सकती है, ताकि सहयोगी दलों को संतुष्ट किया जा सके। शिवसेना (शिंदे गुट) और राकांपा (अजित पवार गुट) को दी जाने वाली सीटों पर भी सहमति बन चुकी है। हालांकि, इसकी घोषणा अभी नहीं की गई है।

**आधे विधायकों के खिलाफ माहौल:** केंद्रीय नेतृत्व को अंदरूनी तौर पर जो रिपोर्ट मिली है, उसमें लगभग आधे विधायकों के खिलाफ सत्ता विरोधी माहौल माना गया है, लेकिन पार्टी में बगावत न हो जाए इस डर से 30 से 40 फीसदी के बीच ही टिकट काटने की संभावना है। पहली सूची जारी करने के पहले पार्टी कुछ और समीकरणों पर विचार करेगी। बुधवार की बैठक में जिन सीटों के लिए उम्मीदवार तय किए गए हैं, उनमें लगभग 60 मौजूदा विधायक शामिल हैं। कुछ हारी हुई सीटों पर भी उम्मीदवारों के नाम तय कर दिए गए हैं।

## आखिरी सांस तक रहूंगा कांग्रेसी; इस्तीफे के 2 दिन बाद कैप्टन अजय सिंह यादव का यू-टर्न

**चंडीगढ़, एजेंसी।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस को बड़ा झटका देते हुए पूर्व मंत्री कैप्टन अजय सिंह यादव ने 17 अक्टूबर को पार्टी से इस्तीफा दे दिया था। यादव ने पार्टी में अपने साथ हुए खराब व्यवहार का आरोप लगाते हुए यह कदम उठाया। लेकिन अब उन्होंने महज दो दिन बाद अपने फैसले पर यू-टर्न ले लिया है।

कैप्टन अजय यादव ने एक्स पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को टैग करते हुए लिखा, मैं जन्म से कांग्रेसी हूं और आखिरी सांस तक कांग्रेसी ही रहूंगा। उन्होंने कहा कि ओबीसी विभाग में की गई उनकी मेहनत को हाईकमान द्वारा सराहना न मिलने से वह नाराज थे और कुछ कठोर शब्दों ने उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर कर दिया। हालांकि, उन्होंने ठंडे दिमाग से सोचने के बाद पार्टी को मजबूत करने का फैसला किया है। यादव ने यह भी जिक्र किया कि सोनिया गांधी और उनके बेटे चिरंजीव राव के कहने पर उन्होंने अपना फैसला बदला है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी से हुई मुलाकात के दौरान यादव ने अपनी नाराजगी जाहिर की थी। बताया जाता है कि गुरुग्राम से लोकसभा टिकट न मिलने और हरियाणा विधानसभा चुनाव में उपेक्षा के कारण वह असंतुष्ट थे। मुलाकात के दौरान जब उन्होंने अपनी शिकायतें सामने रखीं, तो राहुल गांधी ने उनके प्रदर्शन पर सवाल उठाए, जिससे यादव और भी आहत हो गए थे।

## आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी

**हैदराबाद, एजेंसी।**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने राज्य के निवासियों को अधिक बच्चे पैदा करने की सलाह दी है। नायडू ने प्रदेश में उम्रदराज लोगों की बढ़ती आबादी को देखते हुए यह सलाह दी है। उन्होंने शनिवार को कहाकि प्रदेश सरकार पॉपुलेशन मैनेजमेंट की योजना बना रही है। इसके तहत विधेयक लाने के बारे में भी सोचा जा रहा है, जिसमें अधिक बच्चे वाले परिवारों को इन्सेंटिव दिया जाएगा। सिर्फ इतना ही नहीं, एक ऐसा कानून बनाने पर भी विचार चल रहा है, जिसके तहत सिर्फ वही लोग स्थानीय निकाय चुनाव लड़ पाएंगे, जिनके दो से अधिक बच्चे हैं।

चंद्रबाबू नायडू ने कहाकि पहले हमने ऐसा कानून बनाया था जिसमें अधिक बच्चे वाले लोग चुनाव नहीं लड़ सकते थे। लेकिन अब हमने उस कानून को खत्म कर दिया है और इसे रिवर्स करने की सोच रहे हैं। अधिक बच्चों वाले परिवारों को सरकार अधिक सुविधाएं देने के बारे में विचार कर रही है। नायडू ने कहाकि वैसे तो हमारे पास 2047 तक डेमोग्राफिक एडवांटेज है। लेकिन दक्षिणी राज्यों खासकर आंध्र प्रदेश में बढ़ती उम्र वालों की आबादी चिंता में डालने वाली बात है।



उन्होंने कहाकि जापान, चीन समेत कुछ यूरोपीय देश भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। दक्षिण भारत में यह समस्या इसलिए हो रही है क्योंकि युवा लोग देश के दूसरे हिस्सों में या फिर विदेश चले जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने दक्षिणी राज्यों में गिरती प्रजनन दर पर भी चिंता जताई। उन्होंने कहाकि यहां फर्टिलिटी रेट 1.6 परसेंट है जो राष्ट्रीय दर 2.1 से काफी कम है। अगर यही हाल रहा तो हमारे यहां 2047 तक बुजुर्गों की आबादी काफी ज्यादा हो जाएगी। उन्होंने कहाकि आंध्र प्रदेश ही नहीं, देश के कई गांवों में अब सिर्फ बुजुर्ग ही बचे हैं। नायडू ने जनसंख्या नियंत्रण पर अपने पहले के प्रयासों के बारे में भी बात की। उन्होंने कहाकि तब हालात कुछ और थे। तेजी से बढ़ती आबादी के चलते प्राकृतिक संसाधन खतरे में थे। लेकिन अब हालात बदल चुके हैं।

## बच्चों में विदेश जाने की नई बीमारी, देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं: उपराष्ट्रपति धनखड़

**सीकर, एजेंसी।**
उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि विदेश जाना देश के बच्चों को जकड़ने वाली नई बीमारी है। उन्होंने कहा कि यह विदेशी मुद्रा का पलायन और प्रतिभा का पलायन है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा के व्यावसायीकरण से इसकी गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है, जो देश के भविष्य के लिए अच्छा नहीं है। राजस्थान के सीकर में एक निजी शिक्षण संस्थान द्वारा आयोजित समारोह में बोलते हुए धनखड़ ने कहा, बच्चों में एक और नई बीमारी है - विदेश जाने की। बच्चा उत्साह से विदेश जाना चाहता है, वह एक नया सपना देखता है; लेकिन उसे इस बात का कोई आकलन नहीं होता कि वह किस संस्थान में जा रहा है, किस देश में जा रहा है।

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शिक्षा के 'व्यवसायीकरण' पर चिंता जताते हुए शनि?वार को कहा कि इससे बच्चों की पढ़ाई की गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में



निवेश भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश करने जैसा है। उन्होंने कहा, शिक्षा के व्यावसायीकरण ने उसकी गुणवत्ता को प्रभावित किया है। शिक्षा कभी भी आय का स्रोत नहीं था, यह त्याग और दान का एक माध्यम था, जिसका उद्देश्य समाज की मदद करना था लेकिन हम देखते हैं कि इसको फायदे के लिए बेचा जा रहा है। कुछ मामलों में तो यह जबरन वसूली का रूप ले रहा है।

आधिकारिक बयान के अनुसार उन्होंने कहा, शैक्षणिक संस्थाओं को अगर आप अर्थ-लाभ के चश्मे से देखेंगे तो आपका उद्देश्य धूमिल हो जाएगा। हमें आवश्यकता है हम ऐसा ना होने दे। मेरा यह आग्रह रहेगा की संस्था का पैसा संस्था के विकास के लिए ही लगे। उन्होंने कहा, हमारा संकल्प होना चाहिए कि जब भारत 2047 में विकसित राष्ट्र बने तब हम दुनिया की 'सुपर नॉलेज पावर' होने चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने व्यापार, उद्योग, वाणिज्य और व्यवसाय जगत में लोगों से अपील करते हुए उनसे संस्थानों के विकास में उदारतापूर्वक योगदान देने की बात कही। उन्होंने कहा, शिक्षा में निवेश हमारे भविष्य, आर्थिक उत्थान, शांति और स्थिरता में निवेश है। धनखड़ ने कहा, आज युवाओं के बीच लगातार बढ़ते अवसरों को लेकर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है।

उपराष्ट्रपति ने कहा, आज भारत का विश्व में बहुत महत्व है। आज, भारत की आवाज वैश्विक स्तर पर पहले से कहीं अधिक बुलंद है। ऐसी स्थिति में हर व्यक्ति को यह धारणा और निष्ठा रखनी चाहिए कि हमें अपने राष्ट्र पर विश्वास करना है। हर परिस्थिति में हमें राष्ट्र को पहले रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक, व्यक्तिगत या आर्थिक हितों को राष्ट्र के ऊपर नहीं रखना चाहिए और यह हमारा दायित्व है कि हम राष्ट्रविरोधी शक्तियों को निष्क्रिय करें।

## महाराष्ट्र में एक गांव की महिलाओं ने रोका सीएम शिंदे का काफिला

**सतारा, एजेंसी।**
चुनावी राज्य महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे शनिवार को अपने पैतृक ग्राम सतारा जिले के डेरे गांव के लिए निकले। जहां पर कुछ ग्रामीण महिलाओं ने उनका काफिला रोक लिया। काफिला रुकने पर सीएम एकनाथ शिंदे ने महिलाओं से बातचीत की। उन्होंने इसकी तस्वीरें अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट की है। शिंदे ने पोस्ट में लिखा, मेरी मिट्टी, मेरे लोग...मैं राजनीति की हलचल से दूर कुछ आराम करने के लिए अपने पैतृक गांव सतारा जिले के डेरे गांव गया था। गांव से निकलते वक्त कुछ महिलाओं ने मेरे कारवां को रोक लिया।



उन्होंने लिखा, मेरे ही गांव में रहने वाली ये महिलाएं मेरी मां की बहुत घनिष्ठ थीं, लेकिन उन लोगों को एक पल के लिए संदेह हुआ कि मैं उन्हें पहचान पाऊंगा या नहीं, लेकिन मैंने उनसे संवाद करते हुए कहा कि मैं सभी को मैं जानता हूं। एक पल भी सोचे बिना, ये मेरे पास आईं और मुझसे पूछा। मैंने भी उनकी उम्र का सम्मान करते हुए उनके पैरों पर गिरकर आशीर्वाद लिया और पूछा कि उन्हें मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन योजना का पैसा मिला है या नहीं। इस पर सभी ने हां में सिर हिलाया और हाथों में खाने की प्लेट लेकर प्यार से मेरी ओर इशारा किया। मुख्यमंत्री ने एक्स पर आगे लिखा कि उनके कांपते गर्म हाथों ने मुझे भरपूर आशीर्वाद दिया और आग्रह किया कि प्रदेश में एक बार फिर हमारी सरकार बने।

बता दें कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। 288 विधानसभा सीटों वाले महाराष्ट्र में 20 नवंबर को मतदान होना है। वहीं इसके नतीजे 23 नवंबर को सामने आएंगे। सभी राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी तैयारी तेज कर दी हैं।

## पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या का आरोपी शिवसेना में शामिल, पूर्व मंत्री ने दिलाई पार्टी सदस्यता

**मुंबई, एजेंसी।**
पत्रकार गौरी लंकेश की हत्या के आरोपी श्रीकांत पांगारकर महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो गए। गौरी लंकेश की 5 सितंबर 2017 को कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु स्थित उनके आवास के सामने गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। महाराष्ट्र की एजेंसियों की सहायता से कर्नाटक पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच की थी और कई लोगों को गिरफ्तार किया गया था। पांगारकर 2001 से 2006 तक जालना नगरपालिका के पार्षद रहे। उन्हें अगस्त 2018 में गिरफ्तार किया गया था। इस साल 4 सितंबर को कर्नाटक हाई कोर्ट ने उन्हें जमानत दी थी।

अविभाजित शिवसेना की ओर से 2011 में टिकट नहीं दिए जाने पर पांगारकर दक्षिणपंथी हिंदू जनजागृति समिति में शामिल हो गए थे। वह शुक्रवार को राज्य के पूर्व मंत्री अर्जुन खोतकर की उपस्थिति में शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए। खोतकर ने संवाददाताओं से कहा, 'पांगारकर पूर्व शिवसैनिक हैं और पार्टी में वापस आ गए हैं। उन्हें जालना विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान का प्रमुख नामित किया गया है।' मालूम हो कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव सभी 288 सीटों पर एक ही फेज में मतदान होना है। 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे और नतीजे



23 नवंबर को घोषित होंगे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 26 नवंबर को समाप्त हो रहा है। गौरी लंकेश हत्याकांड के मुख्य आरोपियों का बीते दिनों उनके गृहनगर पहुंचने पर कुछ हिंदुत्व कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया था। कोर्ट ने 9 अक्टूबर को परशुराम वाघमारे, मनोहर यादव और 6 अन्य आरोपियों को जमानत दे दी थी और 11 अक्टूबर को उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया। वे सभी 6 साल से अधिक समय तक सलाखों के पीछे रहे। जब वे अपने गृहनगर पहुंचे तो हिंदुत्व कार्यकर्ता उन्हें छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास ले गए।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)